ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು **- 560003.**

Karnataka School Examination and Evaluation Board Malleshwaram,

Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 3

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 3 : 2026-27

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT : Third Language Hindi

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H	Subject Code : 61H
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	Time : 3 Hours
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	Max. Marks : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।

[Turn over

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **8x1=8**

1. 'शेरनी' शब्द का पुल्लिंग रूप है –
   (A) सिंहिणी (B) शेर (C) बाघिन (D) शेरनियाँ

2. 'दुर्जन' शब्द का विलोम रूप है ——
   (A) सृजन (B) जन (C) सज्जन (D) निर्जन

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –
   (A) चोटियाँ (B) नदी (C) पैसे (D) मालाएँ

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   (A) जगना (B) जग (C) जागना (D) जगाना

5. 'परोपकार' शब्द में संधि है –
   (A) गुण (B) वृद्धि (C) दीर्घ (D) यण

6. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –
   (A) राजमहल (B) माँ-बाप (C) नीलाकाश (D) पंचवटी

7. ठीक हो जाएगा न ? -वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
   (A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक (C) पूर्ण (D) अल्प

8. स्वागत समिती ___ मंत्री आए ।
   (A) पर (B) को (C) के (D) की

II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

9. सेब बेचनेवाला : बेईमान :: रेवड़ियाँ बेचनेवाला : _____।
10. आर्ट गैलरी : जगनमोहन राजमहल :: व्हिस्परिंग गैलरी : _____।
11. मकान के स्तंभ : हाथी के पैर जैसे ::मकान की छत :: _____।
12. बलभद्र : बलराम :: कान्ह : _____।

III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4x1=4**

13. प्रेमचंद जी को दूकान में क्या नजर आया ?
14. दोनों दोस्त जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?
15. मानव के हुक्म पर क्या चढ़ता-उतरता है ?
16. संत की तुलना किसके साथ की गयी है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : **8x2=16**

17. पाठ के आधार पर गाजर और टोमाटो का महत्व समझाइए ।
18. जैनुलाबदीन ने कौन-सा काम शुरु किया ?
19. लेखक ने कमरा छोड़ने का निर्णय क्यों लिया ?
20. पाँच हजार रुपये मिलने पर मोहन ने क्या सोचा ?

21. आधुनिक मानव की भौतिक साधना के बारे में लिखिए ।
22. कृष्ण माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?
23. शनि के उपग्रहों का परिचय दीजिए ।

अथवा

'शनि एक सुंदर ग्रह है ।' कैसे ? बताइए ।

24. सत्य की शक्ति के बारे में गांधीजी का कथन क्या है ?

अथवा

सलमा ने मीना मेड़म से क्या कहा ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : **9x3=27**

25. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्माजी की ममता का वर्णन कीजिए ।
26. 'सोशल नेटवर्किंग' का परिणाम समाज पर कैसे पड़ रहा है ? समझाइए ।
27. धीरज सक्सेना ने रोबोट रखने का निर्णय क्यों लिया ?
28. कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।
29. बचेंद्री पाल की शिक्षा के बारे में लिखिए ।
30. कविता के आधार पर मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
31. कवि ने समय के महत्व को कैसे समझाया है ? बताइए ।
32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ॥

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । यह पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है । शनि ग्रह का व्यास 116 हजार किलोमीटर है ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :

2x4=8

34. पं. राजकिशोर के परोपकारी गुणों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

असफलता .....
.....
.....
.....भागो तुम।

VII. 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4x1=4**

हम अच्छी चाल-चलन को चरित्र कह सकते हैं । जिसकी चाल चलन अच्छी है वह चरित्रवान है । गांधीजी ने एक बार कहा था- धन गया तो कुछ नहीं गया, स्वास्थ्य गया तो कुछ गया, मगर चरित्र गया तो सब कुछ गया । इसका अर्थ है, चरित्र ही मनुष्य की असली संपत्ति है । सच्चरित्र का निर्माण करने से ही उत्तम समाज का निर्माण हो सकता है । बचपन में लड़के अधिक समय तक माता-पिता के पास रहते हैं

। इसलिए बच्चों को चरित्रवान बनाने में माता-पिता की सबसे अधिक जिम्मेदारी होती है । शिक्षा का असली उद्देश्य चरित्र का निर्माण ही है ।

अ) चरित्र किसे कह स्कते हैं ?
आ) मनुष्य की असली संपत्ति क्या है ?
इ) उत्तम समाज का निर्माण कैसे हो सकता है ?
ई) शिक्षा का असली उद्देश क्या है ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **4x1=4**

क) कर्नाटक राज्य की विशेषताएँ
- प्रस्तावना
- प्राकृतिक विशेषताएँ
- औद्योगिक विशेषताएँ
- साहित्यिक व सांस्कृतिक विशेषताएँ
- उपसंहार

ख) खेलों का महत्व
- प्रस्तावना
- खेलों के प्रकार
- खेल से होनेवाले लाभ
- उपसंहार

ग) ग्राम सुधार
- प्रस्तावना
- ग्रामीण जीवन का परिचय
- ग्राम सुधार के लिए सुझाव
- उपसंहार

IX. 38. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **5x1=5**

कोई भी सकारण देकर छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।

अथवा

परीक्षा की तैयारी के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

* * *